# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## ई-न्यूज़लेटर

## नवम्बर 2022




**डॉ. पीडी वाघेला, अध्यक्ष, भादूविप्रा ने दिनांक 16 नवंबर 2022 को डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए इमारतों या क्षेत्रों की रेटिंग पर सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया**

# भादूविप्रा का पोर्टल एसएमएस समाप्ति शुल्क से छूट प्रदान करेगा




दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम, 2018 (टीसीसीसीपीआर, 2018) स्पैम अथवा अवांछित वाणिज्यिक को रोकने से संबंधित है।

इन विनियमों के अनुसार सरकार या सांविधिक निकायों के निर्देश पर दिए गए जागरूकता संदेशों को सेवा संदेश माना जाएगा।

इन विनियमों के विनियम 35 में प्रावधान है कि निम्नलिखित संदेशों पर कोई शुल्क लागू नहीं होगा:-

क. केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा या उनके निर्देश पर प्रेषित कोई संदेश।

ख. संविधान के तहत स्थापित निकायों द्वारा या उनके निर्देशों पर प्रेषित कोई संदेश।

ग. प्राधिकरण द्वारा या उसके निर्देश पर प्रेषित कोई संदेश।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुरूप, भादूविप्रा सार्वजनिक हित में भेजे गए संदेशों के लिए सरकारी संस्थाओं को 5 पैसे तक के एसएमएस समाप्ति शुल्क की छूट प्रदान करता है। वह छूट केवल सरकारी निकायों अर्थात केंद्र सरकार, राज्य सरकार और संविधान के तहत स्थापित निकायों को दी जा सकती है। ऐसी संस्थाएं टीसीसीसीपीआर 2018 के प्रावधानों के अनुसार टीएसपी के साथ पंजीकृत हेडर के लिए नई छूट या छूट के नवीनीकरण के लिए पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करती हैं।

यदि संदेश भेजने का उद्देश्य नागरिक केंद्रित संदेश भेजने और जनता के लिए पोलियो, एड्स, स्वाइन फ्लू, महिला सुरक्षा आदि जैसे संबंधित अभियानों के बारे में जागरूकता पैदा करने से संबंधित है, तो छूट दी जाएगी। राज्य या केंद्र सरकार के उन विभागों को कोई छूट नहीं दी जाएगी, जो व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए संदेश भेजने के लिए ग्राहकों से शुल्क ले रहे हैं। एक बार में छूट की अवधि एक वर्ष के लिए होगी।

# संगोष्ठी

**भादूविप्रा ने दिनांक 3 अक्टूबर 2022 को "प्रसारण क्षेत्र में उभरते रुझान" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।**





भादूविप्रा ने 3 अक्टूबर 2022 को इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2022 द्वारा प्रदान किए गए मंच पर "प्रसारण क्षेत्र में उभरते रुझान" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी का आयोजन क्षेत्र में हाल ही में हुई तकनीकी प्रगति तथा उसके प्रभाव के संदर्भ में किया गया था।

संगोष्ठी का उद्घाटन भादूविप्रा के अध्यक्ष डॉ. पी. डी. वाघेला द्वारा किया गया तथा श्री थिरु टी मनो थंगराज, माननीय मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवा विभाग, तमिलनाडु सरकार, श्री अपूर्वा चंद्रा, सचिव, एमआईबी; और श्री के. राजारमन, सचिव, दूरसंचार विभाग की उपस्थिति से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उद्योग के प्रमुखों और शीर्ष अधिकारियों अर्थात श्री अविनाश पांडे, सीईओ एबीपी नेटवर्क्स; श्री आशीष फेरवानी, सीनियर पार्टनर और हेड मीडिया एंड एंटरटेनमेंट एडवाइजरी ग्रुप ईवाई; श्री प्रशांत पांडे, सीईओ रेडियो मिर्ची; और श्री राहुल वत्स, सीआरओ-एयरटेल सहित अन्य अधिकारियों ने इस विषय पर अपने द्विचार साझा किए।

# ओपन हाउस चर्चा

**"मल्टी-सिस्टम ऑपरेटरों (एमएसओ) के पंजीकरण का नवीनीकरण" के परामर्श पत्र पर ओपन हाउस चर्चा (ओएचडी) हुई**




भारतीय प्रसारण क्षेत्र का डिजिटलीकरण वर्ष 2012 में शुरू हुआ और मार्च 2017 तक देश भर में पूरा हो गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने जून 2012 में डीएएस कार्यान्वयन के दौरान मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों (एमएसओ) के लिए पहला पंजीकरण जारी किया था, जो जून 2022 में नवीकरण/विस्तार के लिए लंबित है। केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में एमएसओ पंजीकरण के नवीनीकरण के प्रावधानों का उल्लेख नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए, प्राधिकरण को एमआईबी से एमएसओ नवीनीकरण प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों पर अनुशंसाए प्राप्त करने हेतु एक संदर्भ प्राप्त हुआ है।

इसलिए, भादूविप्रा ने 20 जुलाई 2022 को "मल्टी-सिस्टम ऑपरेटरों (एमएसओ) का नवीनीकरण" पर एक परामर्श पत्र जारी किया। परामर्श पत्र का उद्देश्य एमएसओ पंजीकरण के नवीनीकरण से संबंधित ऐसे नवीकरण के लिए भुगतान किए जाने वाले शुल्क सहित प्रासंगिक मुद्दों पर हितधारकों की टिप्पणियां प्राप्त करना है। दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक ओपन हाउस चर्चा (ओएचडी) आयोजित की गई।

# टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन

**30 सितंबर 2022 तक टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन डेटा:**

| विवरण | वायरलेस | वायरलाइन | संपूर्ण |
|---|---|---|---|
| शहरी टेलीफोन सब्सक्राइबर्स ( मिलियन) | 627.14 | 24.48 | 651.61 |
| ग्रामीण टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 518.31 | 1.99 | 520.30 |
| कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | **1145.45** | **26.47** | **1171.92** |
| कुल टेली-घनत्व (%) | 82.94 | 1.92 | 84.86 |
| शहरी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 54.75 | 92.47 | 55.60 |
| ग्रामीण सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 45.25 | 7.53 | 44.40 |
| ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या (मिलियन) | 785.14 | 31.09 | 816.24 |

सितंबर 2022 में व्यस्ततम वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलेस सब्सक्राइबर्स की संख्या 1013.97 मिलियन थी।

सितंबर 2022 में एमएनपी के लिए 11.97 मिलियन सब्सक्राइबर अनुरोध किए गए थे। सितंबर 2022 के अंत तक, इसके कार्यान्वयन के बाद से कुल 748.11 मिलियन उपभोक्ताओं ने एमएनपी सुविधा का लाभ उठाया है।

## अन्य जानकारी

भादूविप्रा ने 17 अक्टूबर 2022 को ड्राइव परीक्षणों पर एक रिपोर्ट जारी की:

भादूविप्रा ने 17 अक्टूबर 2022 को 15 शहरों और आसपास के क्षेत्रों जैसे जालंधर, अंबाला, आइजोल, कोंटाई, इंफाल, किशनगंज, पोर्ट-ब्लेयर, बिलासपुर, ग्वालियर, मेरठ, अहमदनगर, चिकमंगलूर, वारंगल, कटक, कोयम्बटूर, 2 राजमार्ग मेरठ-आगरा, ग्वालियर-गुना, और एक रेल मार्ग रायगढ़ से डोंगरगढ़ तक में जून 2022 को समाप्त तिमाही में आयोजित ड्राइव परीक्षणों पर एक रिपोर्ट जारी की।

वॉयस और डेटा सेवाओं के लिए सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की गई नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन करने हेतु यह ड्राइव परीक्षण आयोजित किए गए थे।

क्षेत्र में सक्रिय सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतक (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया था। वॉयस सेवाओं के लिए कवरेज, कॉल सेटअप सक्सेस दर (सीएसएसआर); ड्रॉप कॉल दर, ब्लॉक कॉल दर, हैंडओवर सक्सेस दर, आरएक्स गुणवत्ता यह प्रमुख निष्पादन संकेतक हैं। डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउजिंग विलंब, वीडियो स्ट्रीमिंग विलंब तथा विलंबता यह डेटा सेवाओं के लिए केपीआई हैं ।

**दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम्स (डीएएस) की लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों (अद्यतित सूची) का पैनल:**

भादूविप्रा ने समय-समय पर डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम को चलाने के लिए लेखा परीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी की है। इस संदर्भ में, भादूविप्रा ने दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को लेखा परीक्षकों के पैनल के लिए अद्यतन सूची जारी की है।

# उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम

अपनी रजत जयंती पर, भादूविप्रा ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए विशेष उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम/उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम (सीओपी) निम्नानुसार आयोजित किए:

| क्र.सं. | स्थान | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | भीलवाड़ा (राजस्थान) | 11 अक्टूबर 2022 |
| 2 | महेश्वर (मध्य प्रदेश) | 19 अक्टूबर 2022 |
| 3 | होसुर (तमिलनाडु) | 20 अक्टूबर 2022 |

# फोटो गैलरी




**11 अक्टूबर 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा भीलवाड़ा, राजस्थान में दिव्यांगजनों के लिए विशेष उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया**




**19 अक्टूबर 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा महेश्वर (मध्य प्रदेश) में बुनकरों के कौशल विकास के लिए आयोजित विशेष उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम**





**21 अक्टूबर 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद द्वारा छात्रों के लिए होसुर, तमिलनाडु में आयोजित उपभोक्ता सम्पर्क कार्यक्रम**

निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सदस्यता डेटा आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

www.trai.gov.in

महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली- 110002

हम फेसबुक पर भी हैं! हमसे जुड़ें

https://www.facebook.com/TRAI/

हम ट्विटर पर भी हैं! फॉलो करें ! TRAI@TRAI